# तकनीक व शोध को अपनाकर जाब क्रिएटर बने युवा : गिरिराज सिंह

जासं, जमशेदपुर : एमजीएम थाना क्षेत्र के पोखारी स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के प्रांगण में सोमवार को विवि के तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और विशेष अतिथि के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति और वर्तमान में ओडिशा सरकार में शिक्षण सलाहकार के रूप में कार्यरत प्रो. डा. शुक्ला मोहंती उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और शिक्षा का समुचित उपयोग देश को सशक्त बनाने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का सपना जो देखा है, उसमें यहां के विद्यार्थी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विद्यार्थी तकनीक व शोध के सहारे नए स्टार्ट अप करें। आज देश में 1 लाख 16 हजार स्टार्ट अप है, जिसमें 70 हजार महिला स्टार्ट अप है। समारोह का शुभारंभ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना पर आकर्षक नृत्य से हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन के उपरांत साईं वंदना के माध्यम से ईश्वर का आह्वान किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह द्वारा विद्यार्थियों को दीक्षांत संकल्प दिलवाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. पीके पाणि ने विश्वविद्यालय के वार्षिक अकादमिक रिपोर्ट को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया और परीक्षा नियंत्रक ने विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के मंगल भविष्य की कामना की।




नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के दीक्षा समारोह में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह व अन्य।

## झारखंड को बंगाल बनाना चाहती है हेमंत सरकार : मंत्री

- नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए बोले केंद्रीय कपड़ा मंत्री
- कहा, बिहार में फिर बनेगी एनडीए की सरकार, लालू देख रहे मुंगेरी ल... के सपने

जासं, जमशेदपुर : जमशेदपुर के पोखारी नेताजी सुभाष युनिवर्सिटी के तृतीय दीक्षा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह शामिल हुए। समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने झारखंड की राजनीति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड वोट बैंक का राज्य बन गया है। यहां की सरकार वोट बैंक के लिए बांग्लादेशी व रोहिंग्या के लिए रेड कार्पेट तक बिछा दिया है। आदिवासियों एवं सनातन की संस्कृति को खत्म करने की साजिश यहां की सरकार कर रही है। इसके खिलाफ लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। गिरिराज ने कहा कि हेमंत सरकार झारखंड को बंगाल बनाना चाहती है। उन्होंने जमाई टोला का जिक्र करते हुए कहा कि हेमंत सरकार यह बता पायेगी क्या जमाई टोला कहा से आया। आने वाले दिनों में यह टोला आतंक बनकर उभरेगा। बिहार में चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद बिहार एनडीए की सरकार बनेगी। लालू के मुंगेर लाल के हसीन सपने पूरे नहीं होने वाले। बिहार की जनता नहीं चाहती है कि यहां फिर से लालू राज आये। क्योंकि उन्हें मालूम है कि लालू राज आयेगा तो महिलाएं सुरक्षित नहीं रहेगी। अपराध एवं भ्रष्टाचार बढ़ेगा। बिहार के लोगों ने एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनाने का निर्णय ले लिया है।



नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी पोखारी में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का अभिनंदन करते कुलाधिपति मदन मोहन सिंह।

### पलायन न हो इसलिए खोला विश्वविद्यालय : मदन मोहन

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए दीक्षा समारोह के महत्व को रेखांकित किया और छात्रों को समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि जब हम इस संस्थान खोलने की योजना पर काम कर रहे थे, तब हमने देखा कि बहुत से बच्चे संसाधनों के अभाव में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मेधावी छात्र शिक्षण क्षेत्र की आधारभूत अवसंरचनाओं की कमी की वजह से पलायन कर रहे हैं। इन्हीं दो कारणों की वजह से नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। आज हमारे लिए यह अत्यंत ही सम्मान का विषय है कि ...ज इस विवि में कुल 8000 विद्याथी अध्ययनरत हैं। शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों की इस दृढ़ संकल्प और कठोर परिश्रम का ही परिणाम है कि सोमवार को विश्वविद्यालय के प्रांगण से स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी संकायों के 2023 और 2024 वर्ष के 1500 से अधिक विद्यार्थियों को दीक्षा समारोह के इस मंच से डिग्री सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

### भाजपा कार्यालय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज का स्वागत

जासं, जमशेदपुर : निजी दौरे पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सोमवार को जमशेदपुर पहुंचे। इस दौरान वे साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कार्यकर्ताओं से संगठन से संबंधित गतिविधियों एवं कार्यों की जानकारी ली।

### भाजपा में सवर्ण मोर्चा का हो गठन : डीडी त्रिपाठी

जासं, जमशेदपुर : सवर्ण महासंघ फाउंडेशन आफ इंडिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डीडी त्रिपाठी की अध्यक्षता में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज किशोर सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा गया कि भाजपा में सवर्ण मोर्चा गठित करने की दिशा में पहल की जाए। डीडी त्रिपाठी ने मांग कि देश के प्रधानमंत्री सवर्णों के लिए आयोग गठन को मंजूरी देकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास की सोच को सार्थक करने की दिशा में पहल करें। प्रतिनिधि मंडल में सांवर लाल, बाबू बिरेंद्र, अनिशा आदि मौजूद ...